सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

आश्विन 01, मंगलवार, *शाके* 1947- सितम्बर 23, 2025
Asvina 01, Tuesday, Saka 1947- September 23, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 20, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/19721:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका टपूकडा हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका टपूकडा का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड.स.	वार्ड की सीमओं का विवरण	जनसँख्या
1	बजरंग मोबाईल शॉप से रामसिंह सरपंच की कोलोनी तक बांये तरफ का क्षेत्र,रामसिंह सरपंच की कोलोनी से मंजु पार्षद के मकान को शामिल करते हुए धीरीयावास रोड तक बांये तरफ को क्षेत्र को शामिल करते हुए भगतजी कोलोनी को शामिल करते हुए राजकुमार भगतजी की दुकान तक,यहां से बाई पास पर बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए वापिस बजरंग मोबाईल शॉप तक।	442
2	त्रेहान सोसायटी सम्पूर्ण को शामिल करते हुए बाईपास पर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए रूस्तम की ढाणी को शामिल करते हुए बल्लू कबाडी की दुकान तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए प्रदीप आरओ तक बांये तरफ का क्षेत्र,प्रदीप आरओ से कन्नु भगतजी के मकान को शामिल करते	460

	हुए धीरीयावास रोड पर बांये तरफ का क्षेत्र शामिल करते हुए नगरपालिका सीमा लेते हुए वापिस त्रेहान सोसायटी तक।	
3	सम्पूर्ण कृष सिटी फेज 1 टपूकड़ा।	450
4	गोपाली चैक पर बैंक आफ बडौदा से बाईपास पर चलते हुए सम्पूर्ण दुल्ली की ढाणी को शामिल करते हुए कृष सिटी फेज2 को शामिल करते हुए नगर पालिका सीमा पर चलते हुए शाहबु मास्टर के मकान को लेते हुए उत्तर में नगरपालिका सीमा पर चलते हुए सम्पूर्ण इलियास की ढाणी को लेते हुए मिरचुनी रोड पर बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए सुभाष तंवर के मकान को शामिल करते हुए वापिस गोपाली चैक पर बैंक आफ बडौदा तक।	502
5	शब्बीर मास्टर की दुकान से मिरचुनी रोड पर बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए रामकिशोर प्रजापत के मकान को लेते हुए नौला मन्दिर को लेते हुए शिब्बु हलवाई की दुकान तक बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए पुराना तिजारा रोड पर बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए वापिस शब्बीर मास्टर की दुकान तक।	418
6	हरिकिशन बंशीवाल के मकान पुराना तिजारा रोड पर बायें तरफ के क्षेत्र को शामिल करते हुए कंवर सैन की दुकान तक ,यहां से नया बाजार रास्ते पर बांये तरफ की आबादी को शामिल करते हुए परण स्वामी की दुकान तक,यहां से बाईपास पर तिजारा की तरफ बांयें ओर की आबादी को लेते हुए वापिस हरिकिशन बंशीवाल के मकान तक।	426
7	मोहन स्वामी की दुकान से उत्तर की तरफ चलते हुए निरंजन की दुकान को लेते हुए मनोज गुप्ता की हवेली तक बाएँ तरफ के क्षेत्र को लेते हुए यहां से पश्चिम मे बिल्लु ट्रक्टर वाले के मकान को लेते हुए बाईपास पर नवीन भागरोलिया के आफिस तक बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए बाईपास पर बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए नया बाजार रोड तक,यहां से नया बाजार रोड पर बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए वापिस मोहन स्वामी की दुकान तक।	431
8	पुराना बस स्टैण्ड पर बबला मेडिकल से उत्तर में पुराना तिजारा रोड पर कालू स्वामी की दुकान तक बांये तरफ का क्षेत्र को लेते हुए यहां से नीरज गोयल की दुकान व राजेश गर्ग की दुकान को शामिल करते हुए मनोज वायली की दुकान तक,यहां से पश्चिम में रमेश मास्टर के मकान को लेते हुए भगवत पंडित के मकान के तक बांये तरफ का क्षेत्र,यहां से पश्चिम में सुभाष,नानक व रामसिंह के मकान को लेते हुए राजेन्द्र मित्तल के मकान तक,यहां से दक्षिण में विनोद गर्ग के मकान को लेते हुए मनिहार की दुकान तक बांये तरफ का क्षेत्र,यहां से नया बाजार रोड पर बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए वापिस पुराना बस स्टैण्ड पर बबला मेडिकल तक।	439

9	नेहरू की दुकान से बालकिशन की चक्की की ओर बांये तरफ की आबादी को शामिल करते हुए पुरूषोत्तम चैधरी की हवेली को लेते हुए मांगेलाल जोशी के मकान को लेते हुए शेरा धोबी को लेते हुए रामसिंह ,नानक के मकान के पीछे की आबादी को लेते हुए सुभाष गर्ग की हवेली के पीछे से उत्तर में बांये तरफ क आबादी को लेते हुए चतर की दुकान तक,यहां से उत्तर में मुडकर बांये तरफ के क्षेत्र को शामिल करते हुए वापिस नेहरू की दुकान तक।	434
10	पुराना तिजारा रोड पर सोहन चक्की से रतन गर्ग की दुकान तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए यहां से पूर्व में पानी की टंकी को लेते हुए मनोहर पंच के मकान तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए यहां से उत्तर में बल्लु के मकान तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए यहां से वापिस सोहन चक्की तक बांये तरफ की आबादी ।	521
11	स्कूल मैदान से पुराना तिजारा रोड पर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए सुरजभान भगतजी के मकान तक, यहां से पूर्व में मुडकर बाबुलाल पंवार के मकान को लेते हुए बांये तरफ की आबादी को शामिल करते हुए सलामु लोहार के मकान तक,यहां से दलबीर व सुल्तान की ढाणी को लेते हुए नगरपालिका सीमा पर उत्तर की तरफ चलते हुए मोक्षधाम होते हुए वन विभाग के कार्यालय को लेते हुए सुन्दर के मकान को शामिल करते हुए बांये तरफ की आबादी वापिस स्कूल मैदान तक।	505
12	नूहं रोड पर धन्नु भगतजी के मकान से नाखनौल रोड पर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए नगरपालिका सीमा तक,यहां से उत्तर में नगरपालिका सीमा पर चलते हुए बांये तरफ की आबादी को लेते हुए नूंह रोड तक,यहां से बाजार की मुडकर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए इमरता की ढाणी,नरेन्द्र भगतजी की ढाणी को लेते हुए वापिस धन्नु भगतजी के मकान तक।	496
13	अंजुमन अस्पताल से मायापुर रोड पर नगर पालिका सीमा तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए नगरपालिका सीमा पर चलते हुए राजेन्द्र खाती के मकान को शामिल करते हुए नगर पालिका सीमा पर चलते हुए बाईपास की तरफ गाँधी चैक तक,गाँधी चैक से चतर के मकान को शामिल करते हुए अंजुमन अस्पताल तक बांये तरफ की समस्त आबादी।	425
14	टपूकड़ा सीएचसी से नूहं रोड की तरफ दीन मोहम्मद की कोठी तक बांये तरफ का क्षेत्र,यहां से नूंह रोड के बांये तरफ के क्षेत्र को शामिल करते हुए नगरपालिका सीमा को शामिल करते हुए मायापुर रोड पर संजय लाम्बा के मकान को शामिल करते हुए कंवर सैन के मकान तक बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए पुराना तिजारा रोड पर बांये तरफ का क्षेत्र शामिल करते हुए वापिस टपूकड़ा सीएचसी तक।	460
15	पंचायती हनुमान मंदिर से बांये तरफ की आबादी को लेते हुए शिवचरण	450

	सरपंच के मकान को लेकर पश्चिम में मुडकर गोपाल पंडित को शामिल करते हुए झिवाणा स्टैण्ड तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए पश्चिम में मुडकर पुराना तिजारा रोड पर नरेन्द्र तेल वाले की दुकान तक बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए यहां से दक्षिण में मुडकर पदम पंडित के मकान को लेते हुए अमीलाल के मकान तक बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए वापिस पंचायती हनुमान मंदिर तक।	
16	पुराना तिजारा रोड पर नरेश प्रजापत की दुकान से तारा मेडिकल तक बांये तरफ के क्षेत्र को लेते हुए यहां से पश्चिम में मामन के मकान तक दोनों तरफ का क्षेत्र लेते हुए यहां से मुख्य बाजार रास्ते पर मुकुट चैधरी की दुकान को शामिल करते हुए वापिस नरेश प्रजापत की दुकान तक।	532
17	झिवाणा स्टैण्ड पर श्याम स्वीटस से मैन बाजार रोड पर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए पुलिस थाना तक,यहां से देवेन्द्र की दुकान को लेते हुए परशुराम भवन तक बांये तरफ की आबादी को लेते हुए यहां से तहसील रोड पर दोनों तरफ की आबादी को लेते हुए सहकारी समिति तक,यहां से पुराना तिजारा रोड पर उत्तर में मुडकर योगेश गुप्ता की दुकान को लेते हुए अग्रवाल अस्पताल को लेते हुए बांये तरफ की आबादी को लेते हुए वापिस झिवाणा स्टैण्ड पर श्याम स्वीटस तक।	525
18	जग्गा स्वामी के मकान से बाईपास पर राकेश यादव के मकान तक बांये तरफ का क्षेत्र को लेते हुए यंहा से पूर्व में कमल भारद्वाज को शामिल करते हुए नारायण दास को लेते हुए पुरूषोत्तम पंडित के मकान तक बांये तरफ की आबादी लेते हुए सम्पूर्ण नाईवाडा को लेते हुए सतवीर के मकान को शामिल करते हुए रामनिवास यादव की ढाणी को लेते हुए वापिस जग्गा स्वामी के मकान तक।	510
19	मोहन स्वामी के मकान से बुरहेडा रोड़ पर बांये तरफ की आबादी को शामिल करते हुए घमण्डी स्वामी के मकान तक,घमण्डी स्वामी के मकान से दक्षिण में नगरपालिका सीमा को लेते हुए अग्रवाल आरएमसी को लेते हुए पूर्व में खुशखेडा रोड़ पर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए वेद मिस्त्री की दुकान तक,वेद मिस्त्री की दुकान से बाईपास पर बांये तरफ की आबादी को लेते हुए वापिस मोहन स्वामी के मकान तक।	535
20	वेद मानेसरिया के मकान से खुशखेडा रोड पर चलते हुए भोला स्वामी के मकान तक बांये तरफ का क्षेत्र लेते हुए नगरपालिका की सीमा को शामिल करते हुए रामसिंह की ढाणी तक,यहां से कमालपुर रोड पर बांये तरफ का क्षेत्र शामिल करते हुए वापिस वेद मानेसरिया के मकान तक।	510

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।